# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम के साथ हाथापाई



## शासकीय भूमि पर किया जाना है निर्माण कार्य

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के धनपुरी में उस वक्त हंगामा मच गया, जब नगर पालिका की टीम शासकीय भूमि से कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की। धनपुरी नगर के वार्ड क्रमांक-7 में पीएम आवास योजना के तहत प्रस्तावित निर्माण स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंची टीम को वहां के लोगों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा।

नगर पालिका धनपुरी की टीम 5 एकड़ शासकीय भूमि पर लोगों द्वारा किए गए कब्जा को हटाने टीम जब पहुंची और जैसे ही कार्रवाई शुरू की तो महिलाएं और बच्चे जे सी बी मशीन के सामने लेट गए। इस दौरान अतिक्रमणकारियों और पुलिस बल के बीच जमकर हाथापाई भी हुई। वहां पर मौजूद एक महिला ने खुद पर देवी आने का नाटक कर कार्रवाई को रोकने की भी कोशिश की।

जबकि एक अन्य महिला ने खुद को कमरे में बंद कर आत्मदाह करने की कोशिश की। स्थिति तनावपूर्ण होती देख पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। घंटों चले ड्रामे और विरोध के बीच टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की। इस दौरान मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा।

अतिक्रमण हटाने के लिए पहले दी गई थी चेतावनी नगर पालिका परिषद के अधिकारियों के अनुसार, जिस भूमि पर अतिक्रमण किया गया था, वहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों के लिए मकान बनाए जाने हैं। नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि पहले भी अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन कब्जाधारियों ने जमीन खाली नहीं की।

इस मामले में धनपुरी नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर का कहना है, कि लगभग 5 एकड़ की भूमि पर लोगों ने कब्जा किया है।जिस पर पीएम आवास सहित पानी टंकी निर्माण होना है। इसी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने पहुंची टीम के सामने लोगों ने विरोध किया जिसके कारण काफी व्यवधान उत्पन्न हुआ।

# लोगों के घरों में पहुंच रहा प्रदूषित व मटमैला पानी



## शुद्ध पेयजल सुलभ कराना प्रथम प्राथमिकता: शालिनी सरावगी

**शहडोल (बुढार) देशबन्धु।** ट्रांसपोर्ट नगरी बुढार के वार्डों में नगर परिषद द्वारा की जा रहे जल की आपूर्ति में इन दिनों भारी गड़बड़ी नजर आ रही है। कई वार्डों में प्रदूषित और मटमैला पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। इस बात की शिकायत लोगों ने नगर परिषद की अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका से की।

बुढार नगर के विभिन्न वार्डों में की जा रही जलापूर्ति में प्रदूषित, मटमैला और पानी की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों को नगर परिषद ने गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद बुढ़ार की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने विभागीय कर्मचारियों और पार्षदों के साथ जरवाही जलापूर्ति स्थल का निरीक्षण किया और समस्या को जनहित में निदान की दिशा में सार्थक पहल की जिसके फलस्वरुप वर्तमान समय पर वार्ड वासियों को समस्या से राहत मिल सकी है। नगर परिषद बुढार द्वारा वर्तमान समय में सोन नदी जरवाही स्थित डैम से नगर बुढार के करीब 12 वार्डों में पाइप लाइन के द्वारा पेय जल की आपूर्ति करवाई जा रही है, किंतु हाल ही में प्रदूषित व मटमैला पानी की आपूर्ति होने से पेयजल प्रदाय में सवालिया निशान उठने लगे थे। जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने सोन नदी जरवाही स्थित जलापूर्ति स्थल पर पार्षदों एवं औद्योगिक संस्थान के केमिस्ट टीम के साथ पहुंचकर दूषित पानी के रिसाव तथा उत्पन्न समस्या से अवगत हुई और विस्तृत चर्चाएं की तथा उत्पन्न समस्या का त्वरित समाधान पर जोर दी, जिसे गंभीरता से लिया गया।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र बुढार के वार्ड वासियों को स्वच्छ व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना परिषद की प्रथम प्राथमिकता है, जिसमें किसी प्रकार की हीला-हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डैम स्थल के निरीक्षण के अवसर पर नगर परिषद अंतोदय समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र ताम्रकार (पुस्सू भाई), पूर्व पार्षद विक्रम बारी, रविकुमार रजक, पार्षद श्रीमती सविता सिंह भदौरिया, जूली जैन, जूली रजक, सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव, उपयंत्री सीपी. पांडेय, मनोज चतुर्वेदी और संजय द्विवेदी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र की 210 मेगावाट इकाई बंद

**10 महीने 14 दिन से उत्पादन ठप, जून के अंत तक शुरू होने की उम्मीद**

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया के बिरसिंहपुर पाली स्थित संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र की 210 मेगावाट की इकाई में पिछले 10 महीने 14 दिन से उत्पादन बंद है। 4 अगस्त 2023 को जनरेटर में तकनीकी खराबी के कारण यह इकाई बंद हो गई थी। इस इकाई से प्रतिदिन 5 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होता था। इकाई के बंद होने से न केवल बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ है, बल्कि गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों और किसानों को बिजली की कमी का सामना करना पड़ा है। संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र के मुख्य अभियंता एच के त्रिपाठी के अनुसार, जून माह के अंत तक इकाई में उत्पादन शुरू होने की संभावना है। कल इंस्पेक्टर द्वारा यूनिट का निरीक्षण किया जाएगा। उनकी अनुमति मिलने के बाद ही उत्पादन शुरू किया जा सकेगा। त्रिपाठी ने बताया कि कुछ आवश्यक सामान स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं होने के कारण मरम्मत में अधिक समय लग रहा है। विभाग जल्द से जल्द उत्पादन शुरू करने के लिए प्रयासरत है।

### 21 को आयोजित होंगे योग दिवस के कार्यक्रम

**शहडोल, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने 21 जून को आयोजित किये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पुरूष एवं महिला क्लब, स्वय सेवी संस्थाओं, योग के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं, एनसीसी, स्काउड, एनएसएस, के विद्याथियों, खेल गतिविधियों के जुड़े खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों, शासकीय सेवको तथा योग प्रशिक्षकों की सूची तैयार कर उन्हें आमंत्रित किया जाए। जिले में जिला मुख्यालय सहित धार्मिक स्थलों तथा अन्य स्थानों में आयोजित होने वाले सामूहिक योग के कार्यक्रम हेतु अतिथियों को आमंत्रित करने का कार्य पहले से ही पूरा कर लिया जाए।

कलेक्टर ने आयुष विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, नगरीय निकायों तथा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों सहित ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए स्थल चयन, समय तथा अतिथियों के आमंत्रण की कार्यवाही पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, अन्तोनिआ एक्का, ज्योति परस्ते, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अखिलेश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम पाली ने अवैध रेत उत्खनन पर की कार्रवाई



**उमरिया देशबन्धु।** 18 जून- अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंबिकेश प्रताप सिंह ने अवैध रेत उत्खनन के मामले में कार्यवाही करते हुए ट्रेक्टर क्रमांक 54- ए 9869 को जप्त कर पाली थाने मे सुपुर्द किया है।

बताया जाता है कि पाली तहसील क्षेत्रान्तर्गत परसौरा से अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा था , जिस पर एसडीएम व्दा रा कार्यवाही की गई है। बताया जा रहा है कि लगातार अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की शिकायते मिल रही थी जिसको लेकर एसडीएम अंबिकेश सिंह ने अवैध रेत उत्खनन पर अंकुश लगाने कार्यवाही कार्यवाही की है।

# बिरसिंहपुर पाली में बार-बार गुल हो रही बिजली

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, कहा- बिजली कटौती बंद करें



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली में अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम अंबिकेश सिंह को ज्ञापन सौंपा। पाली नगर में दिन भर में 30 से 25 बार बिजली बंद होती है। बिजली कटौती का कोई निश्चित समय नहीं है। शाम और रात में तो बिजली जाने के बाद घंटों तक नहीं आती। इससे व्यापारियों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। गर्मी के मौसम में बिना पूर्व सूचना के होने वाली बिजली कटौती से बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। कांग्रेस नेता रवि मिश्रा ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो पार्टी आंदोलन करेगी। कांग्रेस कार्यकर्ता सनू उपाध्याय ने कहा कि लगातार बिजली कटौती से आम लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। एसडीएम अंबिकेश सिंह ने आश्वासन दिया है कि वे एमपीईबी को पत्र भेजकर इस मामले की जानकारी लेंगे।

## हादसे के हफ्ते भर बाद हुई कार की पहचान

**उमरिया, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत खलेसर निवासी गुलाम मोहम्मद पिता स्व. शेख रज़्ज़ाक, उम्र लगभग 65 वर्ष, की कौड़िया में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

इस घटना में चार पहिया वाहन घटना कारित कर मौके से भाग गया था। खबर है कि इस घटना में अर्टिका वाहन शामिल रही है, जिसकी पहचान हो गई है। यह घटना 10 जून की बताई जाती है, जब मृतक गुलाम मोहम्मद अपनी दोपहिया वाहन से खलेसर से कौड़िया की ओर जा रहे थे। रास्ते में गड़ारी मोहल्ले के समीप एक तेज़ रफ्तार व अनियंत्रित अर्टिका वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों के अनुसार हादसे के बाद घटनास्थल के पास एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में उक्त अर्टिका वाहन कैद हुआ था, जिसके आधार पर पुलिस ने वाहन की पहचान की। खास बात यह है कि घटना के बाद वाहन की मरम्मत भी कराई गई।



## बहू ने की कुल्हाड़ी से ससुर की हत्या

### संपत्ति नहीं मिलने से नाराज थी, पुलिस ने एक महीने बाद किया खुलासा

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया में एक बहू ने संपत्ति विवाद के चलते अपने ससुर की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। मंगलवार को पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया। मृतक 65 साल के चंद्रप्रकाश तिवारी बिरसिंहपुर के रहने वाले थे। घटना 15 मई की रात की है। चंद्रप्रकाश अपने घर की परछी में चारपाई पर सो रहे थे। पुलिस को सूचना मिली कि चारपाई के नीचे खून बिखरा हुआ है और चंद्रप्रकाश के सिर पर चोट के निशान हैं। बुजुर्ग के चेहरे पर तकिया रखा हुआ था।

संपत्ति देने से मना किया तो की हत्या- जांच में पता चला कि मृतक की बहू रंजना तिवारी ने यह वारदात की। पूछताछ में रंजना ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि ससुर ने उसे घर से निकाल दिया था। ससुर ने साफ कह दिया था कि वह अपनी संपत्ति सरकार या किसी और को दे देंगे, लेकिन बहू-बेटे को कुछ नहीं देंगे। कुल्हाड़ी मारकर ससुर की जान ली- रंजना को पता था कि उसके ससुर घर के बाहर सोते हैं। वह घटना वाली रात अपने घर ग्राम बड़खेरा से बिरसिंहपुर आई। उसने कुल्हाड़ी से वार कर ससुर की हत्या कर दी। बाद में कुल्हाड़ी और घटना के दौरान टूटी चूड़ियों को बन्ना नाले में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कुल्हाड़ी और टूटी चूड़ियां बरामद कर ली हैं।

# नाबालिग भांजी से दुष्कर्म करने वाले मामा को उम्रकैद

**बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट जिले के मलाजखंड थाना क्षेत्र में 5 साल की नाबालिग भांजी से दुष्कर्म करने वाले मामा को बैहर न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस फैसले से न्याय की जीत हुई है और समाज में ऐसे घृणित अपराधों के खिलाफ कड़ा संदेश गया है।

यह दिल दहला देने वाली घटना 2 फरवरी 2020 की शाम को हुई थी। पीड़िता अपनी मां से बिस्कुट खरीदने के लिए पैसे लेकर जा रही थी। उसी समय घर आए मामा फागु उर्फ फागेश्वर राउत ने बच्ची का मुंह दबाकर उसे जबरन कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां ने जब अपनी बेटी को आरोपी के चंगुल में देखा तो उसने तुरंत हस्तक्षेप किया। आरोपी मां को देखकर भागने लगा, जिसे मां ने पकड़ने की कोशिश भी की और एक चांटा भी मारा, लेकिन वह फरार होने में कामयाब रहा। मलाजखंड पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर तत्काल मामला दर्ज किया। मामले की जांच के दौरान पुख्ता साक्ष्य जुटाए गए। जिसमें डीएनए रिपोर्ट भी शामिल थी। बैहर न्यायालय के अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र सिंह गुर्जर की अदालत में यह मामला चला। अभियोजन पक्ष के मजबूत तर्कों और प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों के आधार पर, 26 वर्षीय आरोपी फागु उर्फ फागेश्वर राउत को दोषी पाया गया। न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 एबी (12 वर्ष से कम उम्र की बच्ची से दुष्कर्म) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5एम/6 (यौन उत्पीड़न) के तहत आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये के अर्थदंड की कठोर सजा सुनाई है।

# दो सौ वनकर्मी परिवारों को बांधवगढ़ रिजर्व की सैर कराएगा प्रबंधन



## पीके वर्मा बोले, सेना जैसा है वनकर्मियों का जज्बा, त्योहारों में घर नहीं आने का कारण समझेंगे

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने वन्य जीव सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों के परिवारों को निशुल्क जंगल सफारी की सुविधा दी है। इस पहल का उद्देश्य परिवार के सदस्यों को वन कर्मियों की कार्य परिस्थितियों से परिचित कराना है। प्रबंधन की ओर से परिवारों को जिप्सी और गाइड की सुविधा दी जा रही है। गाइड उन्हें जंगल और वन्य प्राणियों की जानकारी देते हैं। क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ताला गेट पर परिवारों को रवाना कर रहे हैं।उपसंचालक पीके वर्मा ने बताया कि 30 जून तक 200 से अधिक परिवारों को जंगल की सैर कराई जाएगी। सफारी के दौरान परिवारों को बताया जाता है कि उनके परिजन कैसे जंगल में चुनौतियों का सामना करते हैं। साथ ही वे कैसे वन्य जीवों की सुरक्षा करते हैं।

टाइगर रिजर्व प्रबंधन का लक्ष्य है कि परिवार के सदस्यों को जंगल और वन्य जीवन की समझ विकसित हो। इससे वे अपने परिजनों की कठिन परिस्थितियों को समझ सकेंगे। परिवार के सदस्य इस अनूठे अनुभव के लिए उत्साहित हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में कर्मचारी कई जिम्मेदारियां निभाते हैं। वे पैदल गश्त करते हैं। टाइगर ट्रैकिंग करते हैं। हाथियों पर निगरानी रखते हैं। अवैध कटाई और प्रवेश रोकते हैं। पर्यटकों की सुविधा का ध्यान रखते हैं। जंगल और वन्य प्राणियों की सुरक्षा करते हैं। उपसंचालक पीके वर्मा ने बताया कि टीम वन्य प्राणियों की सुरक्षा में दिन और रात लगे रहते हैं। अपना घर छोड़कर करके बच्चों को छोड़ करके जंगलों में अपना समय गुजारते हैं। महीने में मुश्किल से दो चार दिन ही परिवार के साथ रहने को मिल पाता है।परिवार भी महसूस करें कि किन परिस्थितियों में रहते हैं। कैसे वनों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा करते हैं। देश की सेवा में लगे हुए।जैसे सेना देश की सेवा करती है, उसी तरह यहां पर वन्य प्राणियों और वनों की सुरक्षा में लगे रहते है। उसी तरह का जज्बा आवश्यक हैं और ये परिवार से ही मिलता है। परिवार भी महसूस करें कि त्योहार, बर्थडे पर समय से नहीं पहुंच पाते हैं। तो उसके पीछे क्या कारण है।

# भाजपा के संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत प्रोफेशनल मीट आयोजित

**उमरिया, चंदिया, देशबन्धु।** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष में बुधवार को चंडीगढ़ नगर के टाउन हॉल में संकल्प से सिद्धि अभियान और सरकार के 11 साल बेमिसाल के तहत प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल व भाजपा नेता सहित नगर के गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

प्रोफेशनल मीट को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों, जनहितैषी फैसलों और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है। भाजपा के लिए देश सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ काम कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस उपलब्धि से देश का प्रत्येक नागरिक गर्व की अनुभूति महसूस कर रहा है।



उन्होंने कहा कि देश की ज्यादातर आबादी गांवों में बसती है। इसके मद्देनजर मोदी सरकार ने बजट का रुख और विकास का मुख गांवों की ओर मोड़ा है। इससे ग्रामीण इलाकों की तस्वीर और तकदीर बदल रही है। श्री अग्रवाल ने बताया कि भारत ने पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। भारत अब बदल चुका है। वह दुश्मनों के सामने सिर झुकाकर नहीं, बल्कि उनकी आंखों में आंखें डालकर बात करने के साथ ही उन्हें उनके घर में घुसकर मारने में भी सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर इसका ताजा प्रमाण है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे लोगों के घर-घर जाकर उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियों और जनहितैषी योजनाओं से अवगत करवाएं।

आयोजित प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिले के उपाध्यक्ष भाजपा मंडल चंदिया के प्रभारी धनुषधारी सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता रामनारायण पयाशी, नगर परिषद चंदिया के अध्यक्ष पुरूषोतम कोल, भाजपा मंडल चंदिया के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह रघुवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज तिवारी, वरिष्ठ नेता भूपेंद्र द्विवेदी, प्रमोद साहू, किसान मोर्चा जिला महामंत्री राकेश यादव, राजेंद्र द्विवेदी, विजय द्विवेदी, भोलू रत्नाकर शर्मा, मोले सिंह,अश्वनी साहू, गुरुदयाल रजक, मोतीलाल, सुरेंद्र मरकरहा, सुजल तिवारी, प्रियांशु मिश्रा सहित नगर के गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।